Adda247 GET IT ON Google Play

रेलवे भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARD

सी०ई०एन० ०९ /२०२५ -7 वें सीपीसी वेतन मैट्रिक्स के लेवल १ में विभिन्न पदों हेतु

CEN 09/2025 - Various Posts in Level 1 of 7th CPC Pay Matrix

सत्यमेव जयते

| | |
|---|---|
| Test Date | 12/08/2026 |
| Test Time | 12:45 PM - 2:15 PM |
| Subject | RRB Level 01 Stage I 2025 |

Section : **General Science**

**Q.1** प्रयोगशाला जांच से पता चलता है कि मैग्नीशियम क्षारों के साथ अभिक्रिया करके एक गैस मुक्त करता है। उत्पन्न गैस की सबसे संभावित पहचान क्या है?

Ans
✔ A. हाइड्रोजन
✘ B. ऑक्सीजन
✘ C. क्लोरीन
✘ D. कार्बन डाइऑक्साइड

**Q.2** निम्नलिखित में से कौन-सा संयोजन, जल में मिलाने पर एक समांगी मिश्रण बनाता है?

Ans
✘ A. लौह रेतन और सल्फर
✘ B. तेल और जल
✔ C. लवण और जल
✘ D. चीनी और रेत

**Q.3** रासायनिक प्रतीकों को लिखने का कौन-सा नियम सही है?

Ans
✘ A. केवल दूसरा अक्षर कैपिटल में
✘ B. अक्षरों को इटैलिक में लिखा जाना
✘ C. दोनों अक्षर कैपिटल अक्षरों में
✔ D. केवल प्रथम अक्षर कैपिटल में

**Q.4** थाइरॉइड ग्रंथि द्वारा थाइरॉक्सिन हार्मोन बनाने के लिए _______ आवश्यक है।

Ans
✘ A. आयरन
✘ B. कैल्सियम
✔ C. आयोडीन
✘ D. विटामिन D

**Q.5** किसी खाद्य श्रृंखला में, अजैवनिम्नीकरणीय प्रदूषकों की अधिकतम सांद्रता निम्नलिखित में से किसमें पाई जाती है?

Ans
✔ A. शीर्ष मांसाहारी
✘ B. उत्पादक
✘ C. अपघटक
✘ D. शाकाहारी

Adda247

Test Prime By Adda247

# ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION

*Test. Analyze. Improve. Repeat.*

**Don't just prepare. Perform.**

Test Prime – built only for mock tests.

Adda247 Test Prime
Adda Education • Education
Installed
Rating | Editors' choice | New

Mocks for Every Exam
Test. Analyze. Improve. Repeat.
All India Rankings

| 1,50,000+ | 25,000+ | 800+ | 500% |
| --- | --- | --- | --- |
| Mock Tests | Previous Year Papers | Exam Covered | Refund on Selection |

5 lakh+ Free Quizzes

Daily Free PDFs

Top Alerts Stay Updated

## WHY TEST PRIME?

- Multilingual
- Detailed Solution
- Strong and Weak Areas
- All India Rankings

Safe & Reliable

Trusted by Lakhs of Aspirants

Your Success, Our Mission

**DOWNLOAD TEST PRIME**

*Your Success Partner!*

GET IT ON Google Play

Download on the App Store


Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Shreya, SBI PO
Sahil, SBI PO
Srijita, SBI PO
Vikram, IBPS PO
Neeti, IBPS PO
Arya, IBPS PO
Hasan, SSC CGL
Palak, SSC CGL
Priti, UP TGT
Aniket, Bihar Stet
Shaurya, NTPC
Sarita, CTET
Gourav, NTPC
Sanni, NTPC
Abhishek, CTET
Sapna, IBPS Clerk
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

Q.6 एक निश्चित ध्वनि तरंग की आवृत्ति 400 Hz है। इस तरंग का आवर्तकाल कितना होगा?

Ans
- ✗ A. 0.05 सेकंड
- ✗ B. 0.25 सेकंड
- ✓ C. 0.0025 सेकंड
- ✗ D. 0.025 सेकंड


Q.7 मनुष्यों में, जहाँ पुरुष लाखों शुक्राणु उत्पन्न करते हैं, वहीं महिलाएँ सामान्यतः प्रत्येक माह __________।

Ans
- ✗ A. कुछ सौ परिपक्व अंडे उत्पन्न करती हैं
- ✗ B. हजारों परिपक्व अंडे उत्पन्न करती हैं
- ✗ C. एक भी परिपक्व अंडा उत्पन्न नहीं करती हैं
- ✓ D. केवल एक परिपक्व अंडा उत्पन्न करती हैं

Q.8 निम्नलिखित में से किस पदार्थ के रासायनिक संघटन में कार्बन नहीं होता है?

Ans
- ✓ A. जल
- ✗ B. कार्बोहाइड्रेट
- ✗ C. DNA
- ✗ D. प्रोटीन

Q.9 दिए गए यौगिक का IUPAC नाम क्या है?




Ans
- ✗ A. ब्यूटेन-2-अल
- ✗ B. ब्यूटेन-2-ओल
- ✗ C. ब्यूटेन-2-ओइक अम्ल
- ✓ D. ब्यूटेन-2-ऑन

Q.10 निम्नलिखित में से कौन-सी स्थिति, भौतिकी में कार्य की वैज्ञानिक परिभाषा को सर्वोत्तम रूप से दर्शाती है?

Ans
- ✓ A. वह व्यक्ति, जो फर्श से किसी बॉक्स को उठाकर मेज पर रखता है
- ✗ B. वह व्यक्ति, जो अपने सिर पर किसी किताब को स्थिर रूप से पकड़े हुए है
- ✗ C. वह व्यक्ति, जो किसी बैकपैक के साथ नियत चाल से चलता है
- ✗ D. वह व्यक्ति, जो दीवार को धक्का देता है लेकिन दीवार हिलती नहीं है

Q.11 एक विद्यार्थी एक सीधे धारावाही चालक के चारों ओर चुंबकीय क्षेत्र सामर्थ्य को बढ़ाना चाहता है। परिवर्तनों के किस संयोजन द्वारा यह सबसे प्रभावी रूप से प्राप्त होगा?

Ans
- ✗ A. धारा को नियत रखते हुए प्रेक्षण बिंदु को किसी भी स्थान पर बदलना
- ✗ B. धारा को कम करते हुए प्रेक्षण बिंदु को चालक से दूर ले जाना
- ✓ C. धारा को बढ़ाते हुए प्रेक्षण बिंदु को चालक के निकट लाना
- ✗ D. प्रेक्षण बिंदु को दूर ले जाते हुए धारा को बढ़ाना

Q.12 निम्नलिखित में से किस यौगिक में अमीन (amine) और कार्बोक्सिल (carboxyl) दोनों कार्यात्मक समूह मौजूद होते हैं?

Ans
- ✗ A. एथेनल (Ethanal)
- ✓ B. ग्लाइसिन (Glycine)
- ✗ C. एथेनॉल (Ethanol)
- ✗ D. प्रोपेनोन (Propanone)

Q.13 कोई विद्यार्थी एक भारी और एक हल्की गाड़ी को समान बल के साथ धक्का देता है। न्यूटन के द्वितीय नियम के अनुसार, उनके त्वरणों पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

Ans
- ✗ A. दोनों गाड़ियां समान रूप से त्वरित होंगी
- ✗ B. भारी गाड़ी शून्य त्वरण के साथ गति करेगी
- ✓ C. भारी गाड़ी की तुलना में हल्की गाड़ी अधिक त्वरित होगी
- ✗ D. हल्की गाड़ी की तुलना में भारी गाड़ी अधिक त्वरित होगी

Q.14 निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✗ A. परमाणु संख्या, न्यूक्लिऑन की संख्या के बराबर होती है।
- ✗ B. किसी तत्व के लिए, द्रव्यमान संख्या, परमाणु संख्या की दुगुनी होती है।
- ✗ C. कार्बन के दो समस्थानिकों की द्रव्यमान संख्या समान होती है।
- ✓ D. हाइड्रोजन के तीनों समस्थानिकों - प्रोटियम, ड्यूटेरियम और ट्राइटियम में प्रोटॉनों की संख्या समान होती है।

Q.15 दो वस्तुएँ, वस्तु P और वस्तु Q, एक सीधी सड़क पर गति कर रही हैं। वस्तु P प्रत्येक 2 सेकंड में 20 मीटर की यात्रा करती है, जबकि वस्तु Q पहले 2 सेकंड में 20 मीटर और अगले 2 सेकंड में 30 मीटर की दूरी तय करती है। उनकी गतियों के संबंध में कौन-सा कथन सही है?

Ans
- ✗ A. वस्तु P असमान गति में है, जबकि वस्तु Q एकसमान गति में है।
- ✗ B. दोनों वस्तुएँ असमान गति में हैं।
- ✓ C. वस्तु P एकसमान गति में है, जबकि वस्तु Q असमान गति में है।
- ✗ D. दोनों वस्तुएँ एकसमान गति में हैं।

Q.16 मनुष्यों में अंतःश्वसन के दौरान निम्नलिखित में से क्या नहीं होता है?

Ans
- ✗ A. वक्ष गुहा में प्रसार होता है
- ✗ B. वायु फेफड़ों में प्रवेश करती है
- ✗ C. डायाफ्राम नीचे की ओर सपाट हो जाता है
- ✓ D. रक्त ऑक्सीजन निर्मुक्त करता है

Q.17 जब किसी वस्तु (बिंब) को उत्तल लेंस के फोकस बिंदु और प्रकाशिक केंद्र के बीच रखा जाता है, तो लेंस द्वारा बनने वाले प्रतिबिंब का सबसे सही वर्णन कौन-सा कथन करता है?

Ans
- ✗ A. प्रतिबिंब वास्तविक, उल्टा और वस्तु से छोटा होता है।
- ✗ B. प्रतिबिंब वास्तविक, सीधा और वस्तु से बड़ा होता है।
- ✓ C. प्रतिबिंब आभासी, सीधा और वस्तु से बड़ा होता है।
- ✗ D. प्रतिबिंब आभासी, उलटा और वस्तु से छोटा होता है।

Q.18 13 वर्षीय एक बालिका के मासिक धर्म शुरू होता है, लेकिन पहले वर्ष में अनियमित चक्र होते हैं। जननीय परिपक्वता के अनुसार, इस पैटर्न में संभवतः कौन-सा अंतर्निहित कारक सर्वाधिक योगदान देता है?

Ans
- ✓ A. अपरिपक्व हार्मोनल विनियमन
- ✗ B. निरंतर अंड का मोचन
- ✗ C. पूर्णतः विकसित गर्भाशय
- ✗ D. पूर्णतः परिपक्व अंडाशय

Q.19 ध्वनि के संचरण और परावर्तन के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प प्रतिध्वनि का सटीक वर्णन करता है?

Ans
- ✗ A. प्रतिध्वनि स्रोत से दूरी के कारण ध्वनि की पिच में होने वाला परिवर्तन है
- ✓ B. प्रतिध्वनि परावर्तित ध्वनि है जो मूल ध्वनि के बाद स्पष्ट रूप से सुनाई देती है
- ✗ C. यदि ध्वनि दीवार से परावर्तित होती है, तो प्रतिध्वनि वह ध्वनि है जो अधिक जोर से उत्पन्न होती है
- ✗ D. प्रतिध्वनि कंपन करने वाली वस्तु द्वारा उत्पन्न निरंतर ध्वनि है

Adda247

**Q.20** एक इलेक्ट्रिक केतली का प्रतिरोध 10 ओम है और यह 220 V की आपूर्ति से जुड़ी है। प्रचालन के 5 मिनट के दौरान, इसके माध्यम से कितना आवेश प्रवाहित होगा?

Ans
- ✗ A. 13200 C
- ✗ B. 2200 C
- ✓ C. 6600 C
- ✗ D. 1100 C

**Q.21** एक वन्यजीव पशु चिकित्सक ने देखा कि एक विशेष प्राणी शरीर का बड़ा आकार बनाए रख सकता है और जटिल व्यवहार प्रदर्शित कर सकता है। इन लक्षणों के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी संरचनात्मक विशेषता सबसे महत्वपूर्ण है?

Ans
- ✗ A. सरल एक कोशिकीय संरचना
- ✓ B. सपोर्ट के लिए कशेरुक दंड
- ✗ C. सुरक्षात्मक दृढ़ बाह्य आवरण
- ✗ D. संचलन के लिए बाह्य स्पर्शक

**Q.22** निम्नलिखित में से कौन-सा अवलोकन इस बात का सबसे प्रबल साक्ष्य (प्रमाण) प्रदान करेगा कि कोई मशीन एक स्थिर घिरनी (fixed pulley) है?

Ans
- ✓ A. आयास और लोड विपरीत दिशाओं में गति करते हैं।
- ✗ B. अनुप्रयुक्त बल, लोड से कम है।
- ✗ C. मशीन को उठाने के दौरान वह ऊर्जा संचित करती है।
- ✗ D. लोड को उठाने के दौरान वह हल्का हो जाता है।

**Q.23** खाद्य जाल में, शाकाहारी सामान्यतः ______________ होते हैं।

Ans
- ✗ A. अपघटक
- ✓ B. प्राथमिक उपभोक्ता
- ✗ C. द्वितीयक उपभोक्ता
- ✗ D. उत्पादक

**Q.24** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सबसे अच्छी तरह से बताता है कि सोडियम क्लोराइड कक्ष तापमान पर ठोस क्यों होता है?

Ans
- ✗ A. इसमें परमाणुओं के बीच धात्विक आबंधन होता है।
- ✗ B. यह कमजोर वैन डेर वाल्स बलों द्वारा एक साथ आबंधित होता है
- ✓ C. इसमें आयनों के बीच प्रबल विद्युतस्थैतिक आकर्षण होता है।
- ✗ D. यह सहसंयोजक बंधों द्वारा जुड़े अणुओं का निर्माण करता है।

**Q.25** निम्नलिखित में से कौन-सा रासायनिक परिवर्तन, किसी रासायनिक अभिक्रिया के दौरान पदार्थ के ऑक्सीकरण को सर्वोत्तम रूप से इंगित करता है?

Ans
- ✗ A. भौतिक अवस्था में परिवर्तन
- ✗ B. केवल इलेक्ट्रॉनों की हानि
- ✓ C. ऑक्सीजन का लाभ या हाइड्रोजन की हानि
- ✗ D. केवल हाइड्रोजन का लाभ

Section : **Mathematics**

**Q.26** जब $\theta = 45^\circ$ है, तो $3(\sec^2\theta + \operatorname{cosec}^2\theta) - 10(\cot^2\theta \times \cos^2\theta)$ का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. -7
- ✗ B. 10
- ✗ C. 13
- ✓ D. 7

Adda247

**Q.27** यदि ब्याज वार्षिक रूप से संयोजित होता है, तो 20% वार्षिक दर से ₹7,625 की धनराशि पर 3 वर्षों में प्राप्त चक्रवृद्धि ब्याज ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✔ A. ₹5,551
- ✗ B. ₹5,581
- ✗ C. ₹5,571
- ✗ D. ₹5,561

**Q.28** यदि निम्नलिखित आंकड़ों का माध्य 45 है, तो x का मान ज्ञात कीजिए।

| वर्ग | 20-30 | 30-40 | 40-50 | 50-60 | 60-70 |
|---|---|---|---|---|---|
| बारंबारता | 34 | 35 | 42 | 21 | x |

**Ans**
- ✗ A. 27
- ✗ B. 42
- ✔ C. 41
- ✗ D. 46

**Q.29** एक रेसिपी में मैदा और चीनी का अनुपात 3 : 2 है। यदि एक बेकर 600 ग्राम मैदा का उपयोग करता है, तो उसे कितनी मात्रा (ग्राम में) चीनी की आवश्यकता होगी?

**Ans**
- ✗ A. 500
- ✔ B. 400
- ✗ C. 450
- ✗ D. 360

**Q.30** एक कुकर का अंकित मूल्य चार दुकानों - I, II, III और IV पर एकसमान है। कुकर के अंकित मूल्य पर दुकान I, 18% और 51% की दो क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान II, 59% और 89% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है, दुकान III, 57% और 40% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है और दुकान IV, 68%, 69% और 27% की क्रमिक छूटें प्रदान करती है। कौन-सी दुकान कुकर को सबसे कम कीमत पर बेच रही है?

**Ans**
- ✗ A. IV
- ✗ B. I
- ✗ C. III
- ✔ D. II

**Q.31** यदि दिया गया है कि $122^{0.86} = x$, $122^{0.22} = y$ और $x^z = y^7$ है, तो z का सन्निकट मान ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 2.11
- ✔ B. 1.79
- ✗ C. 0.56
- ✗ D. 4.46

**Q.32** 8 वर्ष बाद, ध्रुव की आयु, दिव्या की आयु की दोगुनी हो जाएगी। चार वर्ष पहले, उसकी आयु, दिव्या की आयु की चार गुनी थी। ध्रुव की वर्तमान आयु ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 20 वर्ष
- ✗ B. 26 वर्ष
- ✗ C. 30 वर्ष
- ✔ D. 28 वर्ष

**Q.33** रमन की आय ₹43,500 है। वह अपनी आय के 17% की बचत करता है। यदि उसकी आय में 18% की वृद्धि होती है और व्यय में 20% की वृद्धि होती है, तो उसकी बचत में ________ होगी।

**Ans**
- ✗ A. ₹606 की वृद्धि
- ✔ B. ₹609 की वृद्धि
- ✗ C. ₹608 की कमी
- ✗ D. ₹604 की कमी

Adda247
GET IT ON Google Play


**Q.34** ₹3800/kg कीमत वाली कॉफी को ₹2750/kg कीमत वाली कॉफी के साथ किस अनुपात में मिलाया जाना चाहिए ताकि मिश्रण की कीमत ₹3050/kg हो जाए?

**Ans**
- ✗ A. 3:7
- ✗ B. 3:5
- ✗ C. 2:3
- ✓ D. 2:5

**Q.35** यदि एक त्रिभुज की ऊंचाई 40% बढ़ा दी जाए तथा इसके आधार में 25% की कमी कर दी जाए, तो इसके क्षेत्रफल पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

**Ans**
- ✓ A. 5% की वृद्धि
- ✗ B. 5% की कमी
- ✗ C. 2% की वृद्धि
- ✗ D. 2% की कमी

**Q.36** नीचे दिए गए पाई चार्ट का ध्यानपूर्वक अध्ययन कीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए।
विद्यालय को विभिन्न स्रोतों से मिलने वाली कुल निधि ₹640 लाख के बराबर है।




यदि विद्यालय केवल सरकारी एजेंसियों की निधि से विद्यालय अनुरक्षण को प्रबंधित करता है, तो सरकारी एजेंसियों की कितनी निधि अभी भी अन्य कार्यों के लिए बची रहेगी?

**Ans**
- ✗ A. ₹140 लाख
- ✗ B. ₹120 लाख
- ✗ C. ₹180 लाख
- ✓ D. ₹160 लाख

**Q.37** दो उम्मीदवारों के बीच हुए एक चुनाव में, एक उम्मीदवार को कुल वोटों का 28% प्राप्त हुआ और वह 649 वोटों से हार गया। यदि सभी वोट वैध थे, तो डाले गए वोटों की कुल संख्या ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✗ A. 1485
- ✓ B. 1475
- ✗ C. 1465
- ✗ D. 1495

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.38 अकेले काम करते हुए, एक कार्य पूरा करने में X को 12 दिन लगते हैं, Y को 15 दिन लगते हैं और Z को 20 दिन लगते हैं। यदि वे साथ मिलकर काम करें, तो कार्य पूरा करने में कितने दिन लगेंगे?

Ans
- ✔ A. 5 दिन
- ✘ B. 4 दिन
- ✘ C. 6 दिन
- ✘ D. 8 दिन

Q.39 एक निर्माता अपने विक्रय मूल्य को उत्पादन लागत से 70% अधिक तय करता है। यदि उत्पादन लागत में 10% की वृद्धि होती है और निर्माता अपने विक्रय मूल्य में 10% की वृद्धि करता है, तो नया लाभ प्रतिशत कितना होगा?

Ans
- ✔ A. 70%
- ✘ B. 72%
- ✘ C. 73%
- ✘ D. 71%

Q.40 $2+\frac{\sin A}{\cot A-\operatorname{cosec} A}-\frac{\sin^2 A}{\cos A+1}$ को सरल कीजिए।

Ans
- ✘ A. $\tan A$
- ✘ B. $\infty$
- ✘ C. $\sec^2 A$
- ✔ D. $0$

Q.41 एक कार 180 km की कुल दूरी तय करती है, जिसे 60 km वाले तीन बराबर भागों में बांटा गया है। पहले भाग में, कार 60 km/h की चाल से चलती है; दूसरे भाग में, इसकी चाल घटकर 40 km/h हो जाती है। तीसरे भाग में, इसकी चाल फिर से बढ़ जाती है, जिससे पूरी यात्रा के लिए कुल औसत चाल 54 km/h हो जाती है। तीसरे भाग में कार की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✔ A. 72 km/h
- ✘ B. 75 km/h
- ✘ C. 78 km/h
- ✘ D. 90 km/h

Q.42 कौशल ने 20 km/h की चाल से 22 घंटे 3 मिनट तक यात्रा की। उसी दूरी को 21 घंटे में तय करने के लिए उसे किस चाल (km/h में) से यात्रा करनी चाहिए?

Ans
- ✘ A. 20
- ✘ B. 19
- ✘ C. 18
- ✔ D. 21

Q.43 80 cm × 60 cm × 50 cm विमाओं वाले एक आयताकार पानी की टंकी में 30 cm ऊँचाई तक पानी भरा हुआ है। 20 cm कोर वाले धातु के एक ठोस घन और 26 cm × 13 cm × 10 cm विमाओं वाले धातु के एक ठोस घनाभ को टंकी में गिराया जाता है। पानी के स्तर में हुई वृद्धि ज्ञात कीजिए (दशमलव के दो स्थानों तक पूर्णांकित कीजिए)।

Ans
- ✔ A. 2.37 cm
- ✘ B. 2.17 cm
- ✘ C. 2.97 cm
- ✘ D. 2.67 cm

Q.44 किसी समबहुभुज के आंतरिक कोण और बाह्य कोण के मापों का अंतर 108° है। यदि भुजाओं की संख्या n है और आंतरिक कोण और बाह्य कोण का अनुपात $p : r$ है, तो $n+p+r$ क्या होगा?

Ans
- ✔ A. 5 का गुणज
- ✘ B. 9 का गुणज
- ✘ C. 6 का गुणज
- ✘ D. 7 का गुणज

Q.45 दो संख्याओं का अनुपात 21 : 5 है और उनका महत्तम समापवर्तक (HCF) 50 है। उनका लघुत्तम समापवर्त्य (LCM) क्या होगा?

Ans
- ✗ A. 5260
- ✓ B. 5250
- ✗ C. 5240
- ✗ D. 5220

Q.46 किसी आँकड़ा समुच्चय में, माध्य 65 है और माध्यिका 70 है। आँकड़ों का बहुलक ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 60
- ✗ B. 55
- ✗ C. 75
- ✓ D. 80

Q.47 सौरव एक निश्चित धनराशि को वार्षिक रूप से संयोजित होने वाली 20% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज दर से जमा करता है। 2 वर्ष के अंत में, उसे ₹70,164 मिश्रधन प्राप्त होता है। सौरव द्वारा जमा की गई धनराशि कितनी थी?

Ans
- ✗ A. ₹48,606
- ✗ B. ₹48,931
- ✗ C. ₹48,407
- ✓ D. ₹48,725

Q.48 एक कार 4 घंटे में 240 km की दूरी तय करती है। समान चाल से वह 7 घंटे में कितनी दूरी तय करेगी?

Ans
- ✗ A. 400 km
- ✗ B. 480 km
- ✗ C. 360 km
- ✓ D. 420 km

Q.49 यदि ₹550 की राशि 3.5 वर्षों के लिए 4% वार्षिक ब्याज दर पर उधार ली जाती है, तो साधारण ब्याज (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ A. 57
- ✓ B. 77
- ✗ C. 127
- ✗ D. 177

Q.50 तीन संख्याएँ 2 : 3 : 4 के अनुपात में हैं। यदि उनके घनों का योगफल 2673 है, तो सबसे बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ A. 12
- ✗ B. 9
- ✗ C. 6
- ✗ D. 15

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.51 दी गई श्रृंखला में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

66 59 53 48 44 41 ?

Ans
- ✓ A. 39
- ✗ B. 38
- ✗ C. 40
- ✗ D. 37

Adda247

Q.52 G, H, J, K, L और P, एक ही इमारत के छह अलग-अलग तलों पर रहते हैं। इमारत के सबसे निचले तल का क्रमांक 1 है, उसके ठीक ऊपर वाले तल का क्रमांक 2 है और इसी प्रकार, सबसे ऊपरी तल का क्रमांक 6 है। H और K के बीच केवल दो व्यक्ति रहते हैं। G के ऊपर केवल P रहता है। J, एक सम-क्रमांकित तल पर रहता है। H, सबसे निचले तल पर रहता है। L और P के बीच कितने व्यक्ति रहते हैं?

Ans
✗ A. चार
✓ B. दो
✗ C. एक
✗ D. तीन

Q.53 शब्द INJURED के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया गया है। इस प्रकार बने नए अक्षर-समूह में बाईं ओर से चौथे अक्षर और दाईं ओर से दूसरे अक्षर के बीच अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में कितने अक्षर हैं?

Ans
✗ A. 8
✓ B. 7
✗ C. 6
✗ D. 10

Q.54 निम्नलिखित अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) C G I D Q R O A J Y C E C P B Q I F O O J C (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक स्वर है और ठीक बाद में भी एक स्वर है?

Ans
✗ A. 3
✓ B. 1
✗ C. एक भी नहीं
✗ D. 2

Q.55 वर्णानुक्रम पर आधारित निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इसलिए एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
✗ A. ZDB
✗ B. BFD
✗ C. YCA
✓ D. NSP

Q.56 यदि निम्नलिखित समीकरण में '+' और '−' को आपस में बदल दिया जाए और '×' और '÷' को भी आपस में बदल दिया जाए, तो '?' के स्थान पर क्या आएगा?
$238 \div 65 \times 455 - 265 + 139 = ?$

Ans
✗ A. 261
✗ B. 126
✓ C. 160
✗ D. 106

Q.57 यदि '+' और '-' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

$73 - 13 \div 8 + 123 \times 3 = ?$

Ans
✗ A. 139
✗ B. 133
✗ C. 135
✓ D. 136

Q.58 जुनैद बिंदु A से शुरू करके उत्तर की ओर 17 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़कर, 16 km ड्राइव करता है, फिर दाएं मुड़कर, 22 km ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़कर 19 km ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़कर, 5 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर वापस पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के हैं।)

Ans
- ✗ A. 4 km पूर्व की ओर
- ✓ B. 3 km पूर्व की ओर
- ✗ C. 2 km पूर्व की ओर
- ✗ D. 1 km पूर्व की ओर

Q.59 एक निश्चित तर्क के अनुसार, 3 का संबंध 12 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 12 का संबंध 48 से है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, 16 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना संक्रियाएँ केवल पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए, 13 लीजिए - 13 पर संक्रियाएँ, जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना, की जा सकती हैं। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएँ करने की अनुमति नहीं है।)

Ans
- ✓ A. 64
- ✗ B. 63
- ✗ C. 65
- ✗ D. 62

Q.60 A, B, C, D, E, F और G उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक सीधी पंक्ति में बैठे हैं।
G के दाईं ओर कोई नहीं बैठा है। G और F के बीच केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। F और B के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। C, D के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। E, D के ठीक दाएं पड़ोस में बैठा है।
F के दाईं ओर कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
- ✗ A. 2
- ✗ B. 3
- ✓ C. 4
- ✗ D. 1

Q.61 शंकर बिंदु A से चलना प्रारंभ करता है और दक्षिण की ओर 5 km चलता है। फिर वह दाएँ मुड़ता है और 7 km चलता है। वहाँ से, वह बाएँ मुड़ता है और 2 km चलता है। पुनः, वह बाएँ मुड़ता है और 9 km चलता है। अंततः, वह बाएँ मुड़ता है और 7 km चलता है। बिंदु A पर पुनः पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए?

Ans
- ✗ A. 7 km, पश्चिम की ओर
- ✓ B. 2 km, पश्चिम की ओर
- ✗ C. 7 km, पूर्व की ओर
- ✗ D. 2 km, पूर्व की ओर

Q.62 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन एक निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म उस ग्रुप से संबंधित नहीं है? (नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
- ✗ A. UY-CI
- ✗ B. JN-RX
- ✗ C. VZ-DJ
- ✓ D. CG-VO

Q.63 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '−' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

213 D 48 C 5 B 54 A 9 = ?

Ans
- ✗ A. 194
- ✗ B. 198
- ✗ C. 193
- ✓ D. 195

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

Q.64 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किया गया पैटर्न और संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच अनुसरण किए गए पैटर्न और संबंध के समान हो?

# : NOA :: RUZ : %

Ans
✔ A. #=PMC, %=PWX
✗ B. #=PMC, %=PWU
✗ C. #=PMC, %=PWY
✗ D. #=PMC, %=PYX

Q.65 नीचे दिए गए दो युग्मों के समुच्चय के समान पैटर्न का अनुसरण करने वाले युग्म का चयन कीजिए। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

MNO : LPL
IPH : HRE

Ans
✗ A. NVS : MWP
✗ B. RRL : QTH
✗ C. OKL : NMH
✔ D. HGR : GIO

Q.66 शब्द ENCRYPT के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और फिर इस प्रकार बने सभी अक्षरों को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। इस प्रकार बने अक्षरों के नए समूह में निम्नलिखित में से कौन-सा अक्षर, दाएं से तीसरे स्थान पर होगा?

Ans
✗ A. B
✗ B. O
✗ C. X
✔ D. Q

Q.67 पुरुषोत्तम बिंदु A से चलना शुरू करता है और उत्तर दिशा में 13 km चलता है। फिर वह बाएँ मुड़ता है और 8 km चलता है, फिर वह बाएँ मुड़ता है और 21 km चलता है। इसके बाद वह फिर से बाएँ मुड़ता है और 13 km चलता है। अंत में वह फिर से बाएँ मुड़ता है, 8 km चलता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर वापस पहुँचने के लिए उसे कितनी दूरी (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में चलना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न हो, सभी मोड़ केवल 90-डिग्री के हैं।)

Ans
✗ A. 6 km, पूर्व दिशा में
✗ B. 5 km, पूर्व दिशा में
✗ C. 6 km, पश्चिम दिशा में
✔ D. 5 km, पश्चिम दिशा में

Q.68 यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

TSO MUD FAN KID

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक स्वर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक बाद वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले वाले अक्षर से बदल दिया जाता है। इस प्रकार बने कितने अक्षर-समूहों में, कोई स्वर नहीं आएगा?

Ans
✗ A. चार
✗ B. एक
✔ C. तीन
✗ D. दो

Q.69 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय कीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करते हैं।

कथन:
सभी वॉलेट, जग हैं।
कुछ वॉलेट, मैट हैं।

निष्कर्ष:
(I) कुछ जग, मैट हैं।
(II) सभी मैट, वॉलेट हैं।

Ans
✔ A. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है
✘ B. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✘ C. न तो निष्कर्ष (I) और न ही निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है
✘ D. निष्कर्ष (I) और (II) दोनों अनुसरण करते हैं

Q.70 एक निश्चित कूट भाषा में,
A @ B का अर्थ है कि 'A, B की माता है'
A # B का अर्थ है कि 'A, B का भाई है'
A $ B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है'
A % B का अर्थ है कि 'A, B का पिता है'

यदि 'कार्तिक # मनीष % उदय @ चंचल $ नायरा' है, तो कार्तिक का नायरा से क्या संबंध है?

Ans
✘ A. पत्नी की माता के पिता का पिता
✘ B. पत्नी की माता की माता का पिता
✘ C. पत्नी की माता की माता का भाई
✔ D. पत्नी की माता के पिता का भाई

Q.71 आठ बॉक्स - M, N, O, P, Q, R, S और T - एक के ऊपर एक रखे गए हैं, लेकिन जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में रखे गए हों।
N और R के बीच केवल तीन बॉक्स रखे गए हैं। R और M के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। O और T के बीच केवल दो बॉक्स रखे गए हैं। T को सबसे नीचे रखा गया है। S को Q के ठीक ऊपर रखा गया है। R और O के ठीक बीच में केवल P को रखा गया है। T को R के ठीक नीचे रखा गया है।
T और M के ठीक बीच में कितने बॉक्स रखे गए हैं?

Ans
✔ A. तीन
✘ B. चार
✘ C. दो
✘ D. एक

Q.72 छह व्यक्ति, C, D, E, O, P और Q, एक पंक्ति में उत्तर की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं।
E के बाईं ओर केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। D के दाईं ओर केवल C बैठा है। D और P के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। Q, O के दाईं ओर किसी स्थान पर बैठा है।
O और Q के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
✔ A. एक
✘ B. एक भी नहीं
✘ C. तीन
✘ D. दो

Q.73 किसी निश्चित कूट भाषा में,
A + B का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
A – B का अर्थ है कि 'A, B की पत्नी है',
A × B का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है',
और A ÷ B का अर्थ है कि 'A, B का पति है'।

यदि 'P + Q – R × S ÷ T' है, तो P का T से क्या संबंध है?

Ans
✘ A. बहन
✘ B. पुत्री
✔ C. पुत्र की पुत्री
✘ D. पुत्री की पुत्री

**Q.74** 20 व्यक्ति उत्तर की ओर अभिमुख होकर एक पंक्ति में बैठे हैं। तरुण पंक्ति के दाएँ छोर से 5वें स्थान पर है। यदि अमन, तरुण के बाएँ 10वें स्थान पर है, तो पंक्ति के दाएँ छोर से अमन का स्थान क्या है?

**Ans**
- ✗ A. 14वां
- ✓ B. 15वां
- ✗ C. 13वां
- ✗ D. 16वां

**Q.75** एक निश्चित तर्क के अनुसार, 23 का संबंध 258 से है। उसी तर्क के अनुसार, 31 का संबंध 346 से है। समान तर्क के अनुसार 46 का संबंध निम्नलिखित में से किससे है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएं पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए – 13 पर संक्रियाएं जैसे 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना आदि किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना तथा फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रियाएं करने की अनुमति नहीं है।)

**Ans**
- ✓ A. 511
- ✗ B. 565
- ✗ C. 539
- ✗ D. 526

**Q.76** निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक शृंखला का संदर्भ लीजिए और नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। सभी संख्याएं एकल-अंकीय संख्याएं हैं।

(बाएं) T Y & 3 4 @ 5 F # G % H 7 9 V B 6 N 4 * (दाएं)

यदि सभी संख्याओं को शृंखला से हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से क्या दाएं से पांचवें स्थान पर होगा?

**Ans**
- ✗ A. #
- ✗ B. &
- ✗ C. V
- ✓ D. H

**Q.77** उस युग्म का चयन कीजिए जो नीचे दिए गए दो युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
DOG : GRJ
BST : EVW

**Ans**
- ✓ A. KAL : NDO
- ✗ B. TEL : VHP
- ✗ C. EHL : IFP
- ✗ D. CIG : FKJ

**Q.78** दी गई अक्षर शृंखला का संदर्भ लीजिए और दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी है।

(बाएं) P A O R T L Z O Q W E U M H B D E X D E S A (दाएं)

ऐसे कितने व्यंजन हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक व्यंजन है और ठीक बाद में एक स्वर भी है?

**Ans**
- ✗ A. 5
- ✗ B. 3
- ✗ C. 6
- ✓ D. 4

Adda247

**Q.79** यह प्रश्न दिए गए शब्दों पर आधारित है।

FIRE BOND GULP CROW

प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक व्यंजन को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में उसके ठीक पहले आने वाले अक्षर से बदल दिया जाता है और प्रत्येक स्वर को अपरिवर्तित रखा जाता है। इस प्रकार बने कितने शब्दों में एक से अधिक स्वर होंगे?

Ans
- ✗ A. एक
- ✗ B. दो
- ✓ C. तीन
- ✗ D. चार

**Q.80** अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर नीचे दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
DCF HGJ LKN POR ?

Ans
- ✗ A. TRU
- ✗ B. TTU
- ✗ C. TUW
- ✓ D. TSV

Section : **General Awareness and Current Affairs**

**Q.81** 2026 में, नीति आयोग ने "DPI@2047 फॉर विकसित भारत" रणनीतिक ढांचा लॉन्च किया। "DPI" का पूर्ण रूप क्या है?

Ans
- ✗ A. Development Planning Index (डेवलपमेंट प्लानिंग इंडेक्स)
- ✗ B. Dynamic Policy Integration (डायनामिक पॉलिसी इंटीग्रेशन)
- ✗ C. Digital Policy Initiative (डिजिटल पॉलिसी इनिशिएटिव)
- ✓ D. Digital Public Infrastructure (डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर)

**Q.82** किस राज्य सरकार ने, मार्च 2026 में विशेष रूप से स्कूली बच्चों के लिए साइबर सुरक्षा प्रोटोकॉल लागू किए?

Ans
- ✗ A. तमिलनाडु
- ✗ B. कर्नाटक
- ✓ C. केरल
- ✗ D. महाराष्ट्र

Adda247

**Q.83** अक्टूबर 2025 में, RBI की मौद्रिक नीति समिति की बैठक का मुख्य परिणाम क्या था?

Ans
- ✗ A. ऋण प्रवाह को बढ़ावा देने के लिए रेपो दर को घटाकर 5.25% किया गया।
- ✗ B. नकदी निधि अनुपात (CRR) में 25 आधार अंकों की वृद्धि की शुरुआत किया गया।
- ✗ C. मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने के लिए रेपो दर को बढ़ाकर 6.5% किया गया।
- ✓ D. रेपो दर को 5.50% पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया गया।

**Q.84** मई 2026 में, भारतीय पैरा-एथलीट सुमित अंतिल ने पुरुषों की भाला फेंक F64 श्रेणी में स्वंय का विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया। उनके रिकॉर्ड-तोड़ने वाले थ्रो की दूरी कितनी थी?

Ans
- ✓ A. 74.82 मीटर
- ✗ B. 80.02 मीटर
- ✗ C. 73.29 मीटर
- ✗ D. 70.50 मीटर

**Q.85** महाराष्ट्र से निम्नलिखित क्रिकेटरों में से किसे 2026 में पद्म श्री प्राप्त हुआ?

Ans
- ✗ A. सचिन तेंदुलकर
- ✓ B. रोहित शर्मा
- ✗ C. शिखर धवन
- ✗ D. हार्दिक पांड्या

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.86 किस संगठन ने "महिला, व्यवसाय और कानून 2026" रिपोर्ट जारी की, जिसमें लैंगिक समानता कानूनों और उनके कार्यान्वयन के बीच वैश्विक अंतर पर प्रकाश डाला गया है?

Ans
- ✗ A. संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम
- ✗ B. अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष
- ✗ C. विश्व आर्थिक मंच
- ✓ D. विश्व बैंक समूह

Q.87 फरवरी 2026 में, नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर, बिहार में आयोजित राष्ट्रीय चिंतन शिविर के दौरान, केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू द्वारा PMJVK योजना के अंतर्गत किस ऐप का शुभारंभ किया गया था?

Ans
- ✗ A. प्रगति ऐप (PRAGATI App)
- ✗ B. संवाद ऐप (SAMVAD App)
- ✓ C. निगरानी ऐप (NIGRANI App)
- ✗ D. उम्मीद ऐप (UMEED App)

Q.88 एक रिपोर्ट के अनुसार भारत जैसे निम्न-मध्यम आय वाले देश के लिए, 2023 में कौन-सा आंकड़ा कम से कम एक सामाजिक सुरक्षा लाभ से कवर की गई जनसंख्या के औसत अनुपात को सर्वोत्तम तरीके से दर्शाता है?

Ans
- ✗ A. 32.4%
- ✓ B. 71.2%
- ✗ C. 9.7%
- ✗ D. 85.9%

Q.89 मई 2026 में किस संगठन ने पूरे भारत में निवेश के लिए तैयार औद्योगिक पार्क विकसित करने के उद्देश्य से भव्या योजना (BHAVYA Scheme) के कार्यान्वयन के लिए परिचालन दिशानिर्देश जारी किए थे?

Ans
- ✓ A. उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग
- ✗ B. उद्योग व्यापार और वाणिज्य विकास विभाग
- ✗ C. विनिर्माण और औद्योगिक उद्यम विकास विभाग
- ✗ D. औद्योगिक अवसंरचना और निवेश संवर्धन विभाग

Q.90 मई 2026 में ओडिशा तट के समीप, DRDO और भारतीय वायु सेना द्वारा किस हथियार के प्रथम उड़ान-परीक्षण का सफलतापूर्वक संचालन किया गया था?

Ans
- ✗ A. प्रिसिजन रेंज एक्सटेंशन वेपन
- ✗ B. एडवांस्ड टैक्टिकल ग्लाइड सिस्टम
- ✓ C. टैक्टिकल एडवांस्ड रेंज ऑग्मेंटेशन
- ✗ D. इंडिजिनस एयर स्ट्राइक ऑग्मेंटेशन सिस्टम

Q.91 खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स (Khelo India Tribal Games) का आयोजन 25 मार्च से 3 अप्रैल 2026 तक किस राज्य में किया गया था?

Ans
- ✓ A. छत्तीसगढ़
- ✗ B. ओडिशा
- ✗ C. मध्य प्रदेश
- ✗ D. झारखंड

Q.92 गृह मंत्रालय के मार्गदर्शन में भारत के आपातकालीन संचार तंत्रों को सुदृढ़ करने और सार्वजनिक सुरक्षा अवसंरचना को बढ़ाने के लिए केंद्रीय संचार मंत्री द्वारा 02 मई 2026 को कौन-सी स्वदेशी तकनीक लॉन्च की गई थी?

Ans
- ✗ A. ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम
- ✗ B. नेशनल इमरजेंसी रेडियो ग्रिड
- ✗ C. सैटेलाइट ट्रैकिंग नेटवर्क
- ✓ D. सेल ब्रॉडकास्ट सिस्टम

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.93 इंडियन फार्माकोपिया कमीशन (IPC) ने नवंबर 2025 में नागालैंड मेडिकल काउंसिल, नागालैंड स्टेट ड्रग्स कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन (NSDCA) और नागालैंड स्टेट फार्मेसी काउंसिल के साथ मुख्य रूप से राज्य में निम्नलिखित में से किस क्षेत्र को सुदृढ़ करने के लिए तीन समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए?

Ans
- ✔ A. फार्माकोविजिलेंस (pharmacovigilance) और मटेरियोविजिलेंस (materiovigilance) गतिविधियों को बढ़ावा देना
- ✘ B. स्वास्थ्य बीमा कवरेज का विस्तार
- ✘ C. टेली-मेडिसिन (tele-medicine) सेवाओं का कार्यान्वयन
- ✘ D. नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना

Q.94 जनवरी 2026 में PSLV-C62 मिशन द्वारा ले जाए गए EOS-N1 उपग्रह को किस संगठन द्वारा विकसित किया गया था?

Ans
- ✘ A. भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड
- ✘ B. भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन
- ✔ C. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
- ✘ D. नेशनल एयरोस्पेस लैबोरेटरीज

Q.95 2026 में, ऑयल इंडिया लिमिटेड ने किस राज्य में सानु फॉर्मेशन से दांडेवाला फील्ड में एक नया गैस-बेयरिंग पे ज़ोन (gas-bearing pay zone) खोला था?

Ans
- ✘ A. गुजरात
- ✘ B. असम
- ✘ C. ओडिशा
- ✔ D. राजस्थान

Q.96 भारत का प्रमुख वैश्विक वस्त्र कार्यक्रम 'भारत टेक्स 2026' कहाँ आयोजित किया जाएगा?

Ans
- ✔ A. नई दिल्ली
- ✘ B. मुंबई
- ✘ C. अहमदाबाद
- ✘ D. बेंगलुरु

Q.97 लुप्तप्राय शॉर्ट-टेल्ड राउंडलीफ बैट (short-tailed roundleaf bat) और अफी माउंटेन वन्यजीव अभयारण्य में उसके आवास की रक्षा के लिए 2026 के गोल्डमैन पर्यावरण पुरस्कार के प्राप्तकर्ता के रूप में घोषित किए जाने वाले डॉ. इरोरो तांशी (Dr. Iroro Tanshi) ने किस देश का प्रतिनिधित्व किया?

Ans
- ✘ A. दक्षिण कोरिया
- ✘ B. ब्राजील
- ✘ C. कोलंबिया
- ✔ D. नाइजीरिया

Q.98 अपनी बड़ी जीत के 11 वर्ष पश्चात, मास्टर्स जीतकर गोल्फ़ का 'करियर ग्रैंड स्लैम' पूरा करने वाला खिलाड़ी कौन है, जिसने 2026 लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्स अवार्ड्स में 'लॉरियस वर्ल्ड कमबैक ऑफ़ द ईयर' का पुरस्कार जीता?

Ans
- ✘ A. जस्टिन रोज (Justin Rose)
- ✘ B. जॉन रहम (Jon Rahm)
- ✔ C. रोरी मैकलॉय (Rory McIlroy)
- ✘ D. टाइगर वुड्स (Tiger Woods)

Q.99 2026 में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार, संविधान (अनुसूचित जाति) आदेश, 1950 के तहत अनुसूचित जाति का दर्जा किन धर्मों के अनुयायियों तक सीमित कर दिया गया था?

Ans
- ✔ A. हिंदू धर्म, सिख धर्म और बौद्ध धर्म
- ✘ B. हिंदू धर्म, ईसाई धर्म और बौद्ध धर्म
- ✘ C. हिंदू धर्म, जैन धर्म और ईसाई धर्म
- ✘ D. सिख धर्म, इस्लाम और बौद्ध धर्म

Test Prime
By Adda247

# PREVIOUS YEAR PAPERS PDF

PRACTICE MORE, SCORE HIGHER!

PDF

Free 25,000+ PDF's

High-Quality | Exam-Wise | Updated Regularly

Previous Year Papers PDF

Search

Banking | JAIIB & CAIIB | SSC | Railways

April 2026

11th Apr (Shift: 1)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 1)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 2)
HINDI
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

11th Apr (Shift: 2)
ENGLISH
RBI Assistant Pre 2026 Mem...
100 Ques 60 Mins
DOWNLOAD ATTEMPT NOW

February 2026

22nd Feb (Shift: 1)
ENGLISH
BOB Office Assistant MBT (...

## ATTEMPT AS MOCK

Turn PDFs into real exam experience.
Analyze. Improve. Succeed.

- Topic-wise & Exam-wise PDFs
- Download & Study Offline
- Attempt as Mock & Track Score
- Smart Analysis & Performance

## AVAILABLE IN

Banking | SSC | Railway | Teaching | UGC | Agriculture | Nursing

Bihar | UP | Punjab | WB | Odisha | TN | AP & Telangana | Haryana

DOWNLOAD TEST PRIME



Test Prime
SUCCESS GALLERY!
MEET THE ACHIEVERS
Kunal, RRB JE
Shivam, UPSSSC AGTA
Priya, ANM
KHALILUR, LDA
Manoj , PWD
Atin, JENPAS
Shatarupa, OPSC
Arpita, JENPAS
Shital, SSC JE (Mech)
Nancy, UGC NET
Atul, SSC JE (ELCT)
Rahul, SSC JE (CIVILI)
Anand, SSC JE (ELCT)
Mohan, SSC JE (ELCT)
Saurabh, UGC NET
Ved, SSC JE (Mech)
THEY DID IT. YOU CAN TOO
READ THEIR STORIES !

Adda247 GET IT ON Google Play

| Q.100 | 2026 की शुरुआत में, महाराष्ट्र के किस दिग्गज अभिनेता को कला में पद्म विभूषण से सम्मानित करके भारतीय व्यावसायिक और पैरेलल सिनेमा में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए मरणोपरांत मान्यता दी गई? |
|---|---|
| Ans | ✗ A. श्री नाना पाटेकर |
| | ✗ B. श्री अमोल पालेकर |
| | ✗ C. श्री दिलीप प्रभावलकर |
| | ✓ D. श्री धर्मेंद्र सिंह देओल |

"

Adda247